विचार बिन्दु

त्याग यह नहीं कि मोटे और खुरदरे वस्त्र पहन लिए जायें और सूखी रोटी खायी जाये, त्याग तो यह है कि अपनी इच्छा अभिलाषा और तृष्णा को जीता जाये। –सुफियान सौरी

आम लोगों की जेब पर भारी पड़ती सुविधाओं के नाम पर बैंकों की वसूलियां

पिछले पांच सालों में एसबीआई को छोड़ शेष 11 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने केवल और केवल मिनिमम बैलेंस के नाम पर 8 हजार 500 रु. करोड़ रु. की कमाई की है। इसका साफ साफ अर्थ है कि गरीब आदमी के खातों से साढ़े आठ हजार करोड़ रुपए तो इन बैंकों में न्यूनतम बैलेंस ना रख पाने के कारण गवाने पड़े हैं। यह तो तब है जब देश के सबसे बड़े बैंक ने 2019-20 में न्यूनतम बैलेंस की पैनेल्टी के रुप में 640 करोड़ जुर्माना के रुप में वसूलने के बाद न्यूनतम बैलेंस पर पेनेल्टी लगाने का आदेश वापिस ले लिया। 12 में से 11 बैंकों की साढ़े 8 हजार करोड़ की पांच साल में पेनेल्टी वसूली रही है तो कल्पना की जा सकती है कि निजी क्षेत्र के बैंकों ने इस तरह के जुर्माने से कितना खजाना भरा होगा। साढ़े 8 हजार करोड़ रु. की जुर्माना राशि का आंकड़ा किसी भी तरह से कपोल कल्पित या अतिशयोक्ति पूर्ण नहीं हैं क्योंकि यह जानकारी अधिकृत रुप से संसद में केन्द्रीय वित राज्य मंत्री पंकज चौधरी द्वारा दी गई है। एक मोटे अनुमान के अनुसार देश में बैंकों में मार्च, 23 में 294 करोड़ से अधिक खाते हैं। अब यह स्पष्टीकरण देने का कोई मतलब नहीं कि यह पैसा गरीब खातेदारों के अकाउंट्स से ही गया हैं क्योंकि पैसे वाले खाताधारकों के खातों में तो न्यूनतम बैलेंस रहता ही है।

देश में बैंकिंग नेटवर्क का इसी से अंदाज लगाया जा सकता है कि 12 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, 22 निजी क्षेत्र के बैंक, 44 विदेशी बैंक, 56 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, 1485 अरबन कोआपरेटिव बैंक और हजारों की संख्या में ग्रामीण सहकारी बैंकिंग संस्थाएं हैं। यह तो सभी संस्थागत बैंकिंग संस्थाएं है। इसमें कोई दो राय नहीं कि बैंकिंग सेवाओं का विस्तार हुआ है। 24 गुणा 7 सेवाएं मिलने लगी है। जन धन खातों की परिकल्पना से गरीब से गरीब आदमी का बैंकों से जुड़ाव हुआ है। और अब डिजीटल लेन-देन की सुविधा ने तो सब कुछ ही बदल कर रख दिया है। आज पांच रुपए का धनिया तक पेटीएम या इसी तरह के किसी प्लेटफार्म से आसानी से भुगतान कर खरीदा जा सकता है। दिन प्रतिदिन डिजीटल पेमेंट का चलन आम होता जा रहा है। चंद मिनटों में कहीं से भी किसी को भी मोबाईल या ऑनलाईन बैंकिंग सुविधा से चंद सैकंड में भुगतान पहुंचने लगा है। यह सब बैंकिंग सेवाओं में सुधार और विस्तार का उदाहरण है तो दूसरी और नकदी लेन-देन का स्थान डिजीटल पेमेंट ने ले लिया है।

बैंकों द्वारा सुविधाओं के नाम पर वसूली राशि बहुत अधिक होने के साथ ही आम खाताधारक के लिए भारी पड़ने लगी है। डुप्लीकेट पासबुक से लेकर चैक बाउंस होने पर रिटर्न चार्ज, सिग्नेचर वैरीफाई चार्ज, नोमिनी का नाम बदलवाने, इंट्रेस्ट सर्टिफिकेट लेने, ईकेवाईसी और इसी तरह की सेवाओं के लिए चार्ज लिए जाते हैं।

बैंकिंग सुविधाओं का विस्तार निश्चित रुप से शुभ संकेत माना जाना चाहिए। यह भी साफ है कि लोगों में निश्चित रुप से अवेयरनेस आई है। यह दूसरी बात है कि साइबर ठगी के मामलें भी बहुत अधिक होने लगे हैं। पर सबसे अधिक चिंतनीय बैंकों द्वारा अपनी आय बढ़ाने के लिए सुविधाओं के नाम पर चार्जेज लगालगाकर अपनी आय बढ़ाना है। आम आदमी को किसी तरह की गलत फहमी में नहीं रहना चाहिए कि बैंक उन्हें यह सेवाएं फ्री में दे रहे हैं। आज हालात यह है कि एटीएम पोस मशीन से बड़ा बड़ा कारोबारी भुगतान लेने को तैयार नहीं होता। उसका साफ कहना होता है कि इसमें हमारे चार्जेज लग जाते हैं इसलिए डिजीटल प्लेटफार्म से ही भुगतान प्राप्त करना उचित समझते हैं। खैर चिंतनीय बात यह है कि बैंकों द्वारा सुविधाओं के नाम पर वसूली राशि बहुत अधिक होने के साथ ही आम खाताधारक के लिए भारी पड़ने लगी है। आज हो यह रहा है कि बैंक की छोटी से छोटी सेवा के लिए भी भुगतान करना पड़ता है। भुगतान के आसान तरीके आरटीजीएस और एनईएफटी की सेवाएं चार्जेवल है। हांलाकि दो लाख तक के आरटीजीएस पर कोई चार्ज नहीं लिया जाता पर राशि बढ़ने के साथ ही चार्ज बढ़ता जाता है। डुप्लीकेट पासबुक से लेकर चैक बाउंस होने पर रिटर्न चार्ज, सिग्नेचर वैरीफाई चार्ज, नोमिनी का नाम बदलवाने, इंट्रेस्ट सर्टिफिकेट लेने, ईकेवाईसी और इसी तरह की सेवाओं के लिए चार्ज लिए जाते हैं। एटीएम का उपयोग हांलाकि अब कम होता जा रहा है पर दूसरे बैंक के एटीएम के उपयोग और इसी तरह की अन्य सेवाओं के लिए चार्जेज आम होता जा रहा है। देखा जाए तो हमें पता ही नहीं चल पाता कि बैंकों द्वार कब कितना पैसा काट लिया जाता है। लेनदेन की सूचना के एसएमएस से लेकर अन्य सेवाएं करीब करीब सशुल्क होने के कारण हमें कुछ ना कुछ चुकाना ही पड़ता है। चिंतनीय यह है कि इस सबके बावजूद बैंकों में ग्राहकों के प्रति जो संवेदनशीलता और आपसी संबंध होने चाहिए वह कहीं खोते जा रहे हैं।

इसमें कोई दो राय नहीं कि बैंक सेवा प्रदाता संस्था हैं और सहज सुविधाएं उपलब्ध कराने और निरंतर सेवाओं में सुधार के लिए बैंकों द्वारा प्रयास किये जाते रहे हैं। पर इसके साथ ही बैंकों को न्यूनतम बैलेंस या अन्य तरह के अनावश्यक चार्जेज लगाने से पहले आम खाताधारकों के हितों को भी देखना चाहिए। बैंक केवल और केवल पैसा कमाने का स्थान नहीं हैं अपितु बैंकों की भी आमजन के प्रति जिम्मेदारी बनती हैं। सभी कुछ केवल और केवल खाताधारक से ही देय है तो फिर बैंकों और पुराने जमाने के साहूकारों या आज के गली-गली में फैले सूदखोरों या फिर बॉक्सरों से वसूली करने वाली संस्थाओं से अलग होना ही पड़ेगा। कहीं ना कहीं सरकार और बैंकिंग संस्थाओं को जनसरोकारों से भी जुड़ना होगा ताकि जिस तरह से पिछले कुछ सालों में बैंकों में आम आदमी की सहज पहुंच हुई हैं और आम आदमी का मोबाईल अब बैंक बन गया है यह सराहनीय है। आवश्यकता चार्जेज के पुनरावलोकन की है। इस और ध्यान देना ही होगा।

–अतिथि सम्पादक,
डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा
(वरिष्ठ लेखक)

राशिफल गुरूवार 8 अगस्त, 2024

पंडित अनिल शर्मा

सावन मास, शुक्ल पक्ष, चतुरथी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2081, उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र रात्रि 11:34 तक, शिवयोग दिन 12:29 तक, वणिज करण दिन 11:21 तक, चन्द्रमा आज कन्या राशि में संचार करेगा।

ग्रह स्थिति: सूर्य-कर्क, चन्द्रमा-कन्या, मंगल-वृष, बुध-सिंह, गुरू-वृष, शुक्र-सिंह, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

रवियोग रात्रि 2:44 तक है। आज वरद विनायक चतुर्थी, दुर्वा गणपति व्रत है और श्रवण तपस्या आरम्भ होगी।

श्रेष्ठ चौघड़िया: शुभ सूर्योदय से 7:37 तक, चर 10:54 से 12:32 तक, लाभ-अमृत 12:32 से 3:49 तक, शुभ 5:28 से सूर्यास्त तक।

राहूकाल: 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 5:59, सूर्यास्त 7:05

मेष
परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों एवं आय में वृद्धि होगी।

सिंह
आर्थिक/वित्तिय मामलों में संतुलन बना रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों सफलता से मनोबल-आत्मविश्वास ऊंचा रहेगा।

धनु
व्यावसायिक कार्यों में आ रही परेशानियां दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

वृष
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।

कन्या
व्यक्तिगत पारिवारिक कार्य के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।

मकर
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।

मिथुन
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्य के लिए यात्रा संभव है।

तुला
व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

कुंभ
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आज बनते कार्य बिगड़ने का भय है। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

कर्क
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

वृश्चिक
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित धन प्राप्त होगा। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

मीन
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

प्रभारी सचिव पी.रमेश ने विभिन्न संस्थानों का किया निरीक्षण

धौलपुर। जिले के प्रभारी सचिव एवं जयपुर मेट्रो रेल के मुख्य प्रबंध निदेशक पी रमेश ने बुधवार को धौलपुर दौरे के अवसर पर क्षेत्र भ्रमण किया। जिला प्रभारी सचिव राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय जाटौली में निरीक्षण के लिए पहुंचे। जहां उन्होंने विद्यालय की प्रधानाचार्य से नामांकन की जानकारी लेते हुए विद्यालय में मौजूद शिक्षकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी एवं सुधार के लिए आवश्यक सुझाव आमंत्रित किये। उन्होंने छात्रों के अकादमिक प्रदर्शन, छात्रवृत्ति एवं अंग्रेजी शिक्षण हेतु अपनाई जा रही विधियों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में जिला प्रभारी सचिव ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोपालपुरा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रसव कक्ष और संस्थान परिसर में पड़ी गंदगी देख कर नाराजगी जाहिर करते हुए चिकित्सा अधिकारी प्रभारी को लताड़ लगाई। साथ ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं संबंधित स्वास्थ्य कार्मिकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। चिकित्सा संस्थान में संस्थागत प्रसव की जानकारी करने पर पता चला कि गत नवम्बर के बाद से चिकित्सा संस्थान पर कोई भी संस्थागत प्रसव नहीं हुआ।जिस पर उन्होंने परिसर में व्यवस्था बेहतर बनाते हुए राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप रोगियों को आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा संस्थान में मरीजों को मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना और जांच योजना, मेडिकल बायो वेस्ट निस्तारण, टीकाकरण कक्ष ,स्टाफ की उपस्थिति सम्बन्धित रिकॉर्ड का निरीक्षण

किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में बने स्टाफ आवासों का भी निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि चिकित्सकों व अन्य स्टाफ के लिए राज्य सरकार द्वारा इतने अच्छे आवास बनाए गए है उसके बावजूद भी चिकित्सक और अन्य कर्मिको का यहां ठहराव नहीं है यह सरासर गलत है। उन्होंने स्टाफ को संस्थान पर ठहराव के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए समस्त आवश्यक प्रयास किये जाए ताकि आमजन को अपने निवास के नजदीक ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके।

इसके बाद जिला प्रभारी सचिव महदपुरा से आगे चम्बल के तट पर एसडीआरएफ की अपदा राहत दस्ते से बाढ़ सम्भावित क्षेत्र में आवश्यक तैयारियों पर जानकारी ली। उन्होंने एसडीआरएफ एवं नागरिक सुरक्षा दल के कर्मियों से राहत बचाव उपरकरणों के बारे में विस्तृत जानकारी ली।

- **जिले के प्रभारी सचिव ने पीएचसी गौपालपुरा के प्रसव कक्ष में गंदगी देख चिकित्सा प्रभारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए**

जिले के प्रभारी सचिव एवं जयपुर मेट्रो रेल के मुख्य प्रबंध निदेशक पी रमेश ने धौलपुर दौरे के अवसर पर क्षेत्र भ्रमण किया।

प्रशिक्षण आयोजित

भरतपुर (निस)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाने के लिए जिला स्तरीय क्षमतावद्धर्न प्रशिक्षण का आयोजन स्वास्थ्य भवन सभागार में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान अति मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (परिवार कल्याण) भरतपुर डा बी.एल मीना ने बताया कि 10 अगस्त 2024 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एवं 17 अगस्त 2024 को मॉप अप दिवस मनाया जायेगा। अभियान को सफल बनाने के लिए चिकित्सा विभाग के साथ-साथ शिक्षा और महिला एवं बालविकास विभाग के सहयोग से शत-प्रतिशत बच्चों को कृमि मुक्ति हेतु एलबेंडाजॉल टेबलेट खिलाई जायेगी। बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा एवंस्वास्थ्य अधिकारी डॉ गौरव कपूर ने बताया कि तीनो विभाग मिलकर बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रख रहे है। यदि मुख्य दिन निर्धारित आयु में कोई बच्चा छूट जाता है तो उसे 17 अगस्त को आयोजित मॉप अप दिवस में एलबेडाजॉल टेबलेट की खुराक दी जाये। बैठक में चिकित्सा विभाग से बीसीएमओ डॉ राहुल कौशिक, डॉ ओम भारती, डॉ ओमवीर सिंह, डॉ धर्मेन्द्र सिंह एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश कुमार, डॉ हरीश गर्ग, अशोक गुप्ता परिवार कल्याण भण्डारपाल, आईपास फाउण्डेषन से बलवीर सिंह, जिला आईसी समन्वयक राममोहन जांगिड, जिला आशा समन्वयक जितेन्द्र शर्मा के साथ आईसीडीएस विभाग एवं शिक्षा विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

चांदी के हिंडौले में झूला झूले मदन मोहन

करौली(नि.स.)। लघु वृंदावन के नाम से प्रसिद्ध और बृज संस्कृति से ओतप्रोत करौली में सावनी तीज पर बुधवार को बृज का नजारा साकार होते दिखा। सावनी तीज के अवसर पर करौली के प्रसिद्ध मदनमोहनजी मंदिर सहित अनेको मंदिरों में भगवान के विग्रहों को चांदी के झूले में झुलाने की झांकी सजाई गई।

सावनी तीज के अवसर पर भगवान के चांदी के हिंडौले की झांकी के दर्शनों के लिए रिमझिम बारिश के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। क्षेत्र के प्रसिद्ध मदनमोहन मंदिर में हजारों लोगों कि भीड़ झूला झांकी के दर्शन करने के लिए पहुंची बारिश की रिमझिम फुहारों के बीच प्रातः से ही मंदिर में दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। धीरे-धीरे श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती गई। प्रातः जैसे ही भगवान कि झूला कि झांकी दर्शन के लिए पट खुले तो मंदिर प्रांगण बंशीवारे के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर खुशहाली कि मनौती मांगी। इस मौके पर करौली जिले के सपोटरा, हिण्डौन, मण्डरायल, नादौती, टोडाभीम के अलावा धौलपुर के बाड़ी, बसेड़ी, धौलपुर, सवाईमाधोपुर जिले के गंगापुरसिटी,सवाईमाधोपुर,खण्डार सहित लालसोट आदि स्थानों से हजारों श्रद्धालु भगवान के दर्शनों को पहुंचे। इधर मदनमोहन जी के अलावा शहर के नवल बिहारी जी, गोविन्द देवजी आदि मंदिरों में भी भगवान की झूला झांकी सजाई गई। भीड़ के मद्देनजर श्रद्धालुओं को नवलबिहारीजी मंदिर की ओर से मंदिर में प्रवेश के लिए निकाला गया जबकि दर्शन करने के बाद बारी पाड़ा,नगरपालिका भवन वाले रास्ते से निकाला गया।

श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए शहर में दो पहिया और चैपहिया वाहनों का प्रवेश बंद रखा। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस जाप्ता तैनात रहा, लेकिन भीड़ के चलते उन्हें खूब मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम सहित पुलिस प्रशासनिक अधिकारी भी मंदिर पहुंचे और व्यवस्थाओं को देखा।

पूर्व विधायक ने प्रधानमंत्री से मुलाकात कर विकास पर की चर्चा

करौली (नि.स.)। करौली कि पूर्व विधायक रोहिणी कुमारी ने अपने पुत्र महाराज कुमार विवश्वतपाल को साथ लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर कंपूर्वी राजस्थान के विकास और राजनैतिक परिस्थितियों पर गम्भीर मन्थन किया।

ज्ञात रहे कि करौली जिले सहित सम्पूर्ण पूर्वी राजस्थान में चिकित्सा,शिक्षा और रोजगार के घटते हुए संसाधन यहां के विकास में सबसे बड़ी चुनौती बने हुए हैं और जब तक इन मूलभूत सुविधाओं का सम्यक विकास नहीं होगा क्षेत्र के विकास कि कल्पना थोती कल्पना ही बनी रहेगी। जबकि भारत वर्ष के उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश से जुड़ा पूर्वी राजस्थान का यह भू-भाग अपने आप में प्राकृतिक,आध्यात्मिक विविधताओं के साथ विकास की विपुल संभावनाओं को समाहित किए हुए हैं इन सबका संरक्षण,संवर्धन और सम्यक विकास न केवल राजस्थान अपितु सम्पूर्ण भारत और विश्व स्तरीय प्राकृतिक, आध्यात्मिक और वन्य जीव प्रेमी पर्यटकों की अभिरुचि का महत्वपूर्ण केन्द्र विकसित हो सकता है।

जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार का सृजन तो होगा ही साथ ही पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक, वन्यजीव और आध्यात्मिक पर्यटन को भी भारी प्रोत्साहन मिलेगा।

इस तरह की विस्तृत चर्चा करते हुए श्रीमती रोहिणी कुमारी ने प्रधानमंत्री मोदी से क्षेत्र के समग्र विकास के लिए एक मांग पत्र सौंपा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गम्भीर रहते हुए ध्यान से सभी मांगों को पूरा सुना और आश्वस्त किया कि मे स्वयं भी इस तरह से विकास की हर सम्भावना पर कार्य करने हेतु उत्सुक रहता हूं इसलिए मे स्वयं भी कार्य करूंगा साथ ही इस तरह से विकास की बहु आयामी चर्चा हेतु आपको भी निरन्तर सम्पर्क में रहना होगा। इस अवसर पर श्रीमती रोहिणी कुमारी ने प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करते हुए रक्षासूत्र बांधा।

करौली की पूर्व विधायक रोहिणी कुमारी व उनके पुत्र ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बीच मे से मुलाकात की

फूल बंगला झांकी सजाई

हिंडौन सिटी । श्रावणी तीज पर बुधवार को शहर में कई धार्मिक आयोजन हुए। शहर के प्रमुख मंदिरों में शाम को सजाई गई प्राकृतिक हरियाली के श्रृंगार के दर्शनों के लिए मंदिरो में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। नीम का बाजार स्थित श्री हरदेवजी मन्दिर में शाम को सजाई गई छप्पन भोग व फूल बंगला झांकी के दर्शन शुरू हुए। मन्दिर परिसर में रोशनी की पर्याप्त व्यवस्थाओं के साथ प्राकृतिक श्रृंगार किया। इधर महिलाओ ने सज धज व हाथों में मेहंदी लगाकर तीज की पूजा अर्चना की। मोहन नगर स्थित श्री श्याम मन्दिर सेवा धाम में प्राकृतिक सुंदरता का श्रृंगार देख श्रद्धालु अभिभूत हुए। श्याम भक्त मुकेश सारस्वत ने बताया कि मन्दिर में बाबा श्याम का दरबार, राधा कृष्ण व गिरराजधरन दरबार मे फूल, पौधों व पत्तियों से विशेष श्रृंगार किया गया।

वृक्षारोपण किया

डीग (निस)। प्रभारी मंत्री डीग व जल संसाधन एवं जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने बुधवार को ग्राम पंचायत सांवई के गांव पूंछरी कच्ची परिक्रमा स्थित राधा वाटिका में वृक्षारोपण अभियान हरियालो राजस्थान-एक पेड़ मां के नाम के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम में हिस्सा लिया एवं वृक्षारोपण किया। रावत का राधा वाटिका में पहुंचते ही लहरियो ने ह्यूमन ट्री बनाकर वृक्षारोपण का संदेश दिया एवं शहनाई वादक ने स्वागत धुन के साथ शुभता और पवित्रता की भाव से मंत्री का अभिवादन किया। गोवर्धन पर्वत परिक्रमा मार्ग के दौरान राजस्थान के डीग जिले में पड़ने वाले 1200 मीटर यानी सवा किलोमीटर पूंछरी का लौठा स्थल का विशेष महत्व है ऐसे में अभियान के तहत परिक्रमार्थियों द्वारा भी जगह जगह वृक्षारोपण किया गया। रावत का पूंछरी पहुंचते ही प्रभारी सचिव डीग वी सरवन कुमार, जिला कलेक्टर श्रुति भारद्वाज, जिला पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर संतोष कुमार मीणा ने उनका स्वागत किया और अगवानी की। प्रभारी मंत्री ने राधा वाटिका पहुंच वृक्षारोपण किया एवं हरियाली तीज के अवसर पर महिलाओं को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। मुख्यमंत्री वृक्षारोपण अभियान के तहत डीग जिले में 7 लाख 50 हजार 715 पौधे लगाए जायेंगे। जिले में सघन वृक्षारोपण अभियान के तहत अभी तक 6 लाख 14 हजार 989 पौधे लगाए जा चुके है। रावत ने डीग जिले के स्थापना दिवस पर भी सभी को बधाई दी और क्षेत्र में अभी तक किए गए कार्यों की प्रशंसा की।

हरियालो राजस्थान अभियान के तहत किया पौधरोपण

हिंडौन सिटी । प्रदेश भर में चलाए जा रहे हरियाणा राजस्थान के तहत मंगलवार को राजकीय वगैरा राजकीय शिक्षण संस्थानों सहित सभी विभागों के कार्मिकों की ओर से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान राजकीय महाविद्यालय हिंडौन सिटी में हरियाली तीज के अवसर पर हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के तहत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में आयोजित इस सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम में महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य के साथ-साथ संकाय सदस्य एन एस एस के स्वयंसेवक ,छात्र-छात्राएं एवं राजकीय माध्यमिक विद्यालय नई मंडी हिंडौन सिटी के विद्यार्थियों ने एक वृक्ष मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्ष लगाकर उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया ।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर पप्पू राम कोली ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित इस सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम में महाविद्यालय की गार्डन में 300 वृक्ष लगाकर पर्यावरण संरक्षण का कार्य किया गया ।महाविद्यालय में कार्यरत रहे पूर्व प्राचार्य एवं संकाय सदस्यों डॉ. गजराज सिंह मीणा, प्रो. मनीराम खटीक प्रो. भगवान सहाय शर्मा ,प्रो. रंगीलाल मीणा एवं वरिष्ठ शिक्षाविद छगनलाल गुप्ता के साथ ही प्राचार्य श्रीमती पूनम पाठक ,नगर परिषद हिंडौन के एन ई एन धर्मराज गुर्जर ने भी वृक्ष लगाकर पर्यावरण संरक्षण हेतु उत्साह पूर्वक भागीदारी की।कार्यक्रम के सुअवसर पर संकाय सदस्य सदस्य सुरेश चंद्र मीना ने बताया कि लगाए गए वृक्षों की सुरक्षा में देखभाल हेतु ट्री गार्ड लगवाने के प्रयास किए जाएंगे ।पर्यावरण में बढ़ते असंतुलन की रोकथाम के लिए महाविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ-साथ राजकीय कन्या महाविद्यालय हिंडौन सिटी की छात्राओं एवं संकाय सदस्यों और कर्मचारियों द्वारा भी उत्साह पूर्वक भागीदारी की गई। इस अवसर पर प्रो. गंगाराम मीणा ,डॉ. अनिल अग्रवाल ,श्रीमती भोली मीणा ,डॉ. रितेश जैन डॉ. श्रीनिवास गुर्जर ,श्रीमती राजकुमारी एवं एन एस एस के कार्यक्रम अधिकारी उपमा मीना सुनील कुमार मीणा एवं डॉ धर्मेंद्र जांगिड़, डॉ राजीव सैनी, डॉ जुगल किशोर सैनी एवं कन्या महाविद्यालय से मुकेश कुमार गोयल डॉ.निर्मला शर्मा,डॉ. शालिनी सिंह के साथ ही अभिषेक डागुर ,धीरेंद्र रावत, राजू सिंह, भूप सिंह मीणा एवं सतवीर सिंह ने भी सहभागिता की। इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय सूरोठ के नोडल अधिकारी डॉक्टर अनिल अग्रवाल ने ही बताया कि सुरोठ महाविद्यालय के परिसर में भी हरियाला राजस्थान के तहत विद्यार्थियों ने वृक्षारोपण कर भाग लिया।इसी प्रकारहिण्डौन, सूरौठ व श्रीमहावीरजी क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में बुधवार को अमृत पर्यावरण महोत्सव में सघन पौधारोपण किया गया।

जिसमें राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल बाईजट्ट, मोहन नगर स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक, इरनिया, खेडा के एक निजी स्कूल, जाटव बस्ती, महू व खेड़ली गुर्जर सहित कई स्कूलों में पौधारोपण किया गया। उप प्राचार्य प्रमेंद्र कौशिक व शारीरिक शिक्षक नरेंद्र बाबा ने बताया कि मुख्यमंत्री महा अभियान वृक्षारोपण के अंतर्गत राज्य को हरित प्रदेश के रूप में विकसित करने की दृष्टि से बजट घोषणा 2024 -25 मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महा अभियान के माध्यम से हर परिवार को जोड़ते हुए पौधे लगाने व पालने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम के तहत स्कूल के प्रधानाचार्य, स्टाफ, एसडीएमसी सदस्य, छात्र-छात्राओं द्वारा स्कूल प्रांगण, सार्वजनिक स्थल, खेल मैदान, चारागाह भूमि, सड़क किनारे, केवलादेव मंदिर, अटल सेवा केंद्र आदि स्थानो पर शीशम, अशोक, बोतल पाम, पीपल, बरगद, आम, करंज, नीम, गुलाब, जामुन, कंडेल, बेलपत्र आदि के पौधे लगाए।

शाहपुर में 500 पौधे लगाए गए। शहर के जाटव बस्ती स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में भी पौधारोपण किया गया। प्रधानाचार्य ने बताया कि स्कूल में छात्र-छात्राओं व स्टाफ ने विभिन्न किस्मों के पौधे लगाए गए।